## राजस्थान सरकार
## उच्च शिक्षा (ग्रुप–3) विभाग

ई–मेल : higheredu3@rajasthan.gov.in, higheredu3@gmail.com, दूरभाष : 0141–5153222, 5153223, 5153660 (आई.पी. नं. : 24870)

क्रमांक प. 6(8)शिक्षा/ग्रुप–3/2023/पार्ट–3/01979 जयपुर, दिनांकः– 16.08.2023

**–: आदेश :–**

सेठ मथुरादास बिनानी राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, नाथद्वारा जिला–राजसमंद में स्नातक स्तर पर विज्ञान संकाय में भूगर्भशास्त्र विषय तथा राजकीय महाविद्यालय, राजाखेड़ा जिला–धौलपुर में स्नातक स्तर पर विज्ञान संकाय खोले जाने की प्रशासनिक एवं वित्तीय स्वीकृति निम्नांकित शर्तों के अध्यधीन एतद्द्वारा प्रदान की जाती हैः–

1. उक्त महाविद्यालयों में नवीन संकाय/विषय प्रारम्भ करने हेतु बजट मद 2202–03–103–02–00 में निम्नानुसार 16 नवीन पद सृजन की स्वीकृति प्रदान की जाती हैः–

| महाविद्यालय का नाम | स्नातक/ स्नातकोत्तर | विषय | पदनाम | स्वीकृत पद |
|---|---|---|---|---|
| सेठ मथुरादास बिनानी राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, नाथद्वारा जिला–राजसमंद | स्नातक–विषय | भूगर्भशास्त्र | सहायक आचार्य | 01 |
| | | | प्रयोगशाला सहायक | 01 |
| | | | प्रयोगशाला वाहक | 01 |
| राजकीय महाविद्यालय, राजाखेड़ा जिला–धौलपुर | स्नातक–विज्ञान संकाय (02 वर्ग–01 गणित व 01 बायो समूह) | रसायन शास्त्र, वनस्पति शास्त्र, प्राणीशास्त्र, भौतिक शास्त्र, गणित | सहायक आचार्य | 05 |
| | | | प्रयोगशाला सहायक | 04 |
| | | | प्रयोगशाला वाहक | 04 |
| | | | **कुल** | **16** |

2. उक्त सृजित नवीन पद राजसेस सोसायटी के अधीन रहेंगे।
3. सोसाइटी के तहत कार्मिकों की उपलब्धता होने तक इस महाविद्यालय में विद्या संबंल मॉडल पर विषय विशेषज्ञ अनुभवी व्यक्तियों को गेस्ट फेकल्टी के रूप में/विद्यमान नियमित कार्मिकों को आवश्यकतानुसार लगाया जा सकेगा।
4. अतिरिक्त बजट प्रावधान के प्रस्ताव (05 प्रयोगशाला कक्षों के निर्माण के अतिरिक्त) के संबंध में आयुक्तालय वित्तीय वर्ष 2023–24 में उपलब्ध बजट प्रावधान का उपयोग करने एवं आवश्यकतानुसार वांछित प्रस्ताव यथा समय प्रस्तुत किया जाना सुनिश्चित करें।
5. 05 प्रयोगशाला कक्षों के निर्माण के प्रस्ताव के संबंध में आयुक्तालय राजकीय महाविद्यालय में विद्यमान भवन/कक्ष को दृष्टिगत रखकर प्रस्ताव का पुनः परीक्षण करते हुए मय तकमीना औचित्यपूर्ण प्रस्ताव प्रेषित किया जाना सुनिश्चित करें।

यह स्वीकृति वित्त (व्यय–1) विभाग की आई.डी. संख्या 152301785 दिनांक 11.08.2023 से प्राप्त सहमति के आधार पर जारी की जाती है।

राज्यपाल की आज्ञा से,

(बृजमोहन नोगिया)
शासन उप सचिव–प्रथम

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित हैः–

1. महालेखाकार लेखा एवं हक, राजस्थान, जयपुर।
2. संयुक्त सचिव (एच.डी.), माननीय मुख्यमंत्री।
3. विशिष्ट सहायक, माननीय उच्च शिक्षा मंत्री।
4. निजी सचिव, प्रमुख शासन सचिव, उच्च शिक्षा विभाग।
5. संयुक्त शासन सचिव वित्त (व्यय–1) विभाग।
6. संयुक्त शासन सचिव, वित्त (बजट) विभाग।
7. संयुक्त शासन सचिव, आयोजना (जनशक्ति) विभाग।
8. आयुक्त, कॉलेज शिक्षा, राजस्थान, जयपुर।
9. मुख्य लेखाधिकारी, कॉलेज शिक्षा, राजस्थान, जयपुर।
10. सम्बन्धित राजकीय महाविद्यालय, राजस्थान द्वारा आयुक्त, कॉलेज शिक्षा विभाग, राजस्थान, जयपुर।
11. रक्षित पत्रावली।

शासन उप सचिव–प्रथम

Signature valid
Digitally signed by Brij Mohan Nogia
Designation : Deputy Secretary
Date: 2023.08.16 16:43:15 IST
Reason: Approved

राजस्थान सरकार

# आयुक्तालय कॉलेज शिक्षा राज. जयपुर

Block-4, RKS Sankul, JLN Road, Jaipur- 302015, Rajasthan
Website: http//hte.rajasthan.gov.in/dept/dce/ e-mail: jdplan.cce@gmail.com Phone : 0141-2706847 (o)

**क्रमांक: एफ 6(7) आयो/आकाशि/विषय/2023/पार्ट-01161**

विषयः- सेठ मथुरादास बिनानी राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, नाथद्वारा जिला राजसमंद में स्नातक स्तर पर विज्ञान संकाय में भूगर्भशास्त्र विषय तथा राजकीय महाविद्यालय राजाखेड़ा जिला धौलपुर में स्नातक स्तर पर विज्ञान संकाय खोले खोले जाने की प्रशासनिक एवं वित्तीय स्वीकृति।

संदर्भ:- शासन उप सचिव-प्रथम का पत्रांक प.6(8)शिक्षा/ग्रुप-3/2023/पार्ट-3/01979 दिनांक 16.08.2023

**प्रतिलिपि: निम्नांकित को सूचनार्थ:**

1 महालेखाकार, लेखा एवं हक राजस्थान, जयपुर।
2. संयुक्त सचिव, मुख्यमंत्री महोदय, राजस्थान, जयपुर।
3. निजी सचिव, माननीय उच्च शिक्षा मंत्री महोदय, राजस्थान, जयपुर।
4. निजी सचिव प्रमुख शासन सचिव, उच्च शिक्षा विभाग, राजस्थान, जयपुर।
5. निजी सचिव, आयुक्त कॉलेज शिक्षा, राजस्थान, जयपुर।
6. सयुक्त शासन सचिव, वित्त (व्यय-1) विभाग, शासन सचिवालय, जयपुर।
7. शासन उप सचिव, उच्च शिक्षा (ग्रुप-3) विभाग राजस्थान, जयपुर।
8. संयुक्त सचिव, उच्च शिक्षा (ग्रुप-4) विभाग, राजस्थान, जयपुर।

**प्रतिलिपि: निम्नांकित को आवश्यक कार्यवाही हेतु:-**

1 कुल सचिव, संबंधित विश्वविद्यालय को भेजकर लेख है कि स्वीकृतिनुसार सेठ मथुरादास बिनानी राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, नाथद्वारा जिला राजसमंद में स्नातक स्तर पर विज्ञान संकाय में भूगर्भशास्त्र विषय तथा राजकीय महाविद्यालय राजाखेड़ा जिला धौलपुर में स्नातक स्तर पर विज्ञान संकाय को बिना विलंब शुल्क सम्बद्धता प्रदान करने का श्रम करें।
2 संयुक्त निदेशक, अकादमिक कॉलेज शिक्षा राजस्थान जयपुर को भेजकर लेख है कि स्वीकृतिनुसार खोले गये नवीन विषय/संकाय में प्रवेश संबंधी कार्यवाही किया जाना सुनिश्चित करें।
3 संयुक्त निदेशक, एचआरडी, प्रशासन आयुक्तालय कॉलेज शिक्षा, राजस्थान, जयपुर।
4 प्राचार्य, सेठ मथुरादास बिनानी राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, नाथद्वारा जिला राजसमंद तथा राजकीय महाविद्यालय राजाखेड़ा जिला धौलपुर को भेजकर लेख है कि खोले गये नवीन विषय/संकाय की संबंधित विश्वविद्यालय से सम्बद्धता, प्रवेश व अन्य आवश्यक कार्यवाही करे तथा उक्त हेतु आवश्यक अतिरिक्त प्रयोगशाला/कक्ष निर्माण के संबंध में महाविद्यालय में विद्यमान भवन/कक्ष को दृष्टिगत रखते हुये यथोचित प्रस्ताव मय तकमीना तैयार कर भिजवायें ।
5 वेबसाईट प्रभारी, कॉलेज शिक्षा, राज. जयपुर को विभागीय वेबसाईट पर अपलोड़ करने बाबत।
6 रक्षित पत्रावली।

(डॉ. विमलेश सोनी)
संयुक्त निदेशक (आयोजना)
कॉलेज शिक्षा राजस्थान जयपुर

Signature valid
Digitally signed by Vimlesh Soni
Designation : Associate Professor
Date: 2023.08.16 17:25:15 IST
Reason: Approved

RajKaj Ref No. : 4529368